हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 20 दिसंबर, 2025

11 रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों ने एडीसी के...

12 मनरेगा खत्म करने का प्रयास कर रही सरकार...


## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस मामले में भगोड़ा किया काबू

**सिरसा।** पुलिस टीम ने चेक बाउंस मामले के भगोड़े को डबवाली क्षेत्र से काबू किया है। पीओ स्टाफ प्रभारी जनकराज ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपियों को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नही हुआ। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर अदालत ने आरोपी सुरजीत सिंह को बीती 8 अक्तूबर को पीओ घोषित किया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन में मामला दर्जकर जांच पीओ स्टाफ सिरसा को सौंपी थी।

### बठिंडा से सिरसा के लिए ट्रेन शुरू करने की मांग

**कालांवाली।** रेलवे स्टेशन कालांवाली पर रेल सुविधा बेहतर बनाने के लिए रेलवे संघर्ष समिति कालांवाली के सदस्यों ने शुक्रवार को रेलवे स्टेशन मास्टर को केंद्रीय रेल मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन समिति के प्रधान नरेश महेश्वरी के नेतृत्व में सौंपा गया। इस दौरान रेलवे स्टेशन मास्टर ने उन्हें उनकी मांग को उच्चाधिकारियों को भेजने का आश्वसन दिया। वहीं समिति के सदस्यों ने बताया कि वो विधायक, सांसद, रेल मंत्री और रेलवे उच्चाधिकारियों को अनेक बार मांग पत्र सौंप चुके है। लेकिन आमजन की समस्याओं का कोई समाधान नहीं हो रहा।

### पीड़ित किसान को चेक भेंट किया

**कालांवाली।** मार्केट कमेटी कालांवाली की ओर से कृषि कार्यों में दुर्घटनाग्रस्त किसान को सवा लाख रुपए का चेक भेंट किया गया। किसान काला सिंह निवासी गांव दादू ने हरियाणा सरकार व मार्केट कमेटी प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर वाइस चेयरमैन मोहन लाल जिंदल, सदस्य नरेश माहेश्वरी, महेश कुमार मौजूद रहे। मार्केट कमेटी सदस्य नरेश माहेश्वरी ने बताया कि सरकार द्वारा कृषि कार्यों के दौरान कोई भी दुर्घटना घट जाने पर आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

### हादसे में बुजुर्ग की मौत आरोपी चालक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सडक़ हादसे में एक बुजुर्ग की मौत होने के मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि 27 अक्टूबर को दौलतपुर रोड, गऊशाला के पास तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाए गए वाहन ने मुन्शी राम पिता रांझा राम निवासी अलीका, के मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी गंभीर थी कि बुजुर्ग मोटरसाइकिल से उछलकर कार के ऊपर गिर गए। घटना की सूचना मिलने पर मृतक के पुत्र मिलख राज ने पिता को नागरिक अस्पताल फतेहाबाद पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### शराब ठेका के कर्मचारी पर हमले में दो काबू

**फतेहाबाद।** पुराने बस अड्डे के पास स्थित शराब ठेके के कर्मचारी पर जानलेवा हमला करने के मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि 1 दिसंबर को रात लगभग 7:40 बजे विशाल नामक युवक ने ठेका नंबर पुराना बस अड्डा फतेहाबाद पर बीयर की पेटी खरीदी। भुगतान में देरी और गाली-गलौच के बाद उसने अपने साथियों को बुलाया और ठेके कर्मचारी सुन्दर लाल पुत्र राजे राम निवासी शेखुपुर दडौली के साथ डंडों और लात-घूसों से मारपीट की। घटना में सुन्दर लाल का बायाँ हाथ फ्रैक्चर हुआ और उन्हें गंभीर चोटें आई। इस पर पुलिस ने केस दर्ज किया और दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। जांच के दौरान दो अन्य आरोपियों अक्षय पुत्र अशोक कुमार निवासी शक्ति नगर फतेहाबाद और आकाश उर्फ अंकुश पुत्र कंवरपाल निवासी इन्द्रापुरा मोहल्ला फतेहाबाद को गिरफ्तार किया गया है।

## मौसम का मिजाज: सड़कों पर रेंगते दिखे वाहन, चालक हुए परेशान

# कोहरे का प्रकोप, नहर में गिरी क्रेटा गाड़ी, सात घंटे देरी से चल रही ट्रेनें

**सड़के व बाजार हुए सुनसान, घरों में कैद हुए लोग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद/रतिया

जिले में शुक्रवार को भी घना कोहरा छाया रहा। गुरूवार रात 9 बजे से ही क्षेत्र में कोहरे की शुरूआत हो गई थी। देखते ही देखते कोहरे ने पूरे क्षेत्र को अपनी आगोश में ले लिया।

रात को हालात यह थे कि कुछ ही फुट ही दूरी पर भी कुछ नजर नहीं आ रहा था। कोहरे के कारण रतिया से भूना रोड पर गांव मुंशीवाला के पास रत्ताखेड़ा माइनर में एक क्रेटा गाड़ी जा गिरी। सोनीपत का युवक इस गाड़ी में सवार होकर अपनी ससुराल आ रहा था। वह गाड़ी की सनरूफ खोलकर बाहर निकला और अपनी जान बचाई। वहीं इस बारे सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच गई। शुक्रवार को क्रेन की मदद से गाड़ी को बाहर निकाला गया। उधर, मौसम विभाग ने 20 से 22 दिसंबर तक पश्चिमी विक्षोभ के चलते बादलवाई व बूंदाबांदी की संभावना जताई है।

23 दिसंबर से उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने से रात के तापमान में गिरावट आएगी। मिली जानकारी के अनुसार सोनीपत का दीपक गुरुवार देर रात को रतिया शहर स्थित गोशाला के नजदीक अपनी ससुराल आ रहा था। धुंध के कारण उसको नहर नजर नहीं आई। इससे गाड़ी बेकाबू होकर माइनर में गिर गई। बाद में वह सन रूफ को खोलकर बाहर निकला। इसके बाद अपने ससुरालजनों को सूचित किया। ससुरालजन मौके पर पहुंचे और दीपक को घर ले गए। दीपक अभी सुरक्षित बताया जा रहा है। हालांकि कार क्षतिग्रस्त हो गई। उसका पिछला शीशा टूट चुका है।



रतिया। धुंध के कारण नहर में गिरी गाड़ी।



फतेहाबाद। जाखल रेलवे स्टेशन। फोटो: हरिभूमि

### अवध आसाम व फरक्का एक्सप्रेस 7 घंटे लेट

घने कोहरे के कारण जहां सडक़ों पर वाहन रेंगते नजर आए वहीं इससे ट्रेनों की आवाजाही पर भी काफी असर पड़ा है। जिले के जाखल रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें अपने निर्धारित समय से करीब 7 घंटे तक देरी से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। इनमें लंबी दूरी की कई गाडियां भी इनमें शामिल थीं। 15743 फरक्का एक्सप्रेस और 15909 अवध आसाम एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 7 घंटे की देरी से यहां पहुंची। इसके अलावा अन्य ट्रेनों में 20409 बठिंडा सुपरफास्ट एक्सप्रेस और 22485 फिरोजपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस 2 घंटे लेट थीं, वहीं 54044 हिसार से जींद जाने वाली पैसेंजर गाड़ी 1 घंटा, श्री गंगानगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 3 घंटे और 19271 हरिद्वार एक्सप्रेस 2 घंटे की देरी से चल रही थी। जाखल के स्टेशन मास्टर चांद राम दहिया का कहना है कि धुंध के कारण ट्रेनों के संचालन में देरी हो रही है। उन्होंने यात्रियों से अनुरोध किया कि वे रेलवे की वेबसाइट पर जाकर अपनी ट्रेनों का समय जांच लें ताकि परेशानियों से बचा जा सके।

### 23 से चलेगी शीत लहर, तापमान में आएगी गिरावट

एचएयू हिसार, कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार प्रदेश में मौसम आमतौर पर 24 दिसंबर तक परिवर्तनशील रहेगा। इस दौरान 20 दिसंबर से एक और पश्चिमीविक्षोभ के प्रभाव से 20 दिसंबर रात्रि से 22 दिसंबर के दौरान राज्य के ज्यादातर स्थानों पर बादलवाई छाई रहेगी वहीं उत्तरी हरियाणा में कुछ एक स्थानों पर बूंदाबांदी की संभावना।

### ठंड से बचने के लिए एहतियात बरतें

**फतेहाबाद।** ठंड व शीतलहर को देखते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने जिला के लोगों से एहतियात बरतने की अपील की है। डीसी ने कहा कि शीत लहर के समय यथासंभव घर के अंदर ही रहे, ठंडी हवा से बचने के लिये कम से कम यात्रा करें। रेडियो व अन्य मीडिया से मौसम की जानकारी लेते रहें। बुजुर्ग और बच्चों का ठीक से देखभाल करें एवं ऐसे पड़ोसी जो अकेले रहते हैं विशेषकर बुजुर्ग लोगों का हाल चाल पूछते रहें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि आपातकालिन आपूर्ति आसानी से उपलब्ध हो। एक परत वाले कपड़े की जगह ढीली फिटिंग वाले परतदार हल्के कपड़े, हवा रोधित सूती का बाहरी आवरण तथा गर्म उनी भीतरी कपड़े पहने। शरीर की गर्मी बचाए रखने के लिये टोपी एवं जलरोधी जूतो का प्रयोग करें। सिर को ढंके क्योंकि सिर के उपरी सतह से शरीर की गर्मी की हानि होती है और अपने फेफड़ो की सुरक्षा के लिये अपना मुहं ढक कर रखें। गर्म तरल पदार्थ नियमित कप से पिएं।



भूना। अवैध निर्माण पाए जाने पर नोटिस चस्पा करते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

## अवैध निर्माण पर 7 दिन का नोटिस

# अवैध कॉलोनियों पर नगर योजनाकार विभाग सख्त

- शहर में पनप रही अवैध कॉलोनियों पर अंकुश लगाने के लिए नगर योजनाकार विभाग ने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

शहर में पनप रही अवैध कॉलोनियों पर अंकुश लगाने के लिए नगर योजनाकार विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। शुक्रवार को जिला नगर योजनाकार राजकीर्ति के नेतृत्व में विभागीय टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर अवैध कॉलोनियों को चिन्हित किया। इस दौरान कुलां रोड स्थित एक कॉमर्शियल कॉलोनी में अवैध निर्माण पाए जाने पर मौके पर ही सात दिन का नोटिस चस्पा किया गया। नगर योजनाकार विभाग की इस कार्रवाई से शहर में अवैध कॉलोनियों के निर्माण में लिप्त लोगों में हडक़ंप मच गया है। डीटीपी राजकीर्ति ने बताया कि अवैध कॉलोनियों का विकास किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों की अनदेखी कर विकसित की जा रही कॉलोनियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नोटिस अवधि के बाद भी यदि निर्माण कार्य नहीं रोका गया तो संबंधित के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। निरीक्षण टीम में क्षेत्रीय निरीक्षक पुष्पा देवी, कनिष्ठ अभियंता संदीप कुमार व अंकित कुमार तथा लिपिक सुरेश कुमार शामिल रहे।

### आमजन से अपील

डीटीपी राजकीर्ति ने आमजन से अपील की कि किसी भी प्लॉट, दुकान या जमीन की खरीद से पहले उसकी वैधता की पूरी जानकारी अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि बिना जानकारी के अवैध कॉलोनियों में निवेश करने से लोगों को भविष्य में भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए खरीदारी से पूर्व जिला नगर योजनाकार कार्यालय, फतेहाबाद से वैध व अवैध की स्थिति की पुष्टि जरूर करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में निर्माण करता है या नियमों के विपरीत गतिविधियों में शामिल पाया जाता है, तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

# नशे की रोकथाम को पुलिस सख्त

- नशे के पुलिस ने जैक व रैम्बो के साथ चलाया सर्च ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत नशे की रोकथाम एवं अपराध नियंत्रण को लेकर रतिया पुलिस द्वारा आज शहरी क्षेत्र में विशेष सर्च अभियान चलाया गया। थाना शहर रतिया प्रभारी महिला निरीक्षक पुष्पा के नेतृत्व में जैक व रैम्बो की टीम द्वारा गठित विशेष पुलिस टीम ने शहर के नशा प्रभावित व संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त एवं सघन तलाशी अभियान चलाया। टीम ने आंतरिक गलियों, मुख्य बाजारों, सार्वजनिक स्थलों एवं संदिग्ध पॉकेट्स पर विशेष फोकस रखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान सत्यापित की। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने वाहनों की गहन जांच की तथा बिना नंबर प्लेट व संदिग्ध परिस्थितियों में खड़े दोपहिया वाहनों की भी पड़ताल की गई।



रतिया। शहर में सर्च अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

### सहयोग की अपील

महिला निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत यह सर्च अभियान नशे की गतिविधियों पर अंकुश लगाने और असामाजिक तत्वों में भय पैदा करने के उद्देश्य से चलाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रतिया शहर में ऐसे अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे। पुलिस टीम ने लोगों से भी सहयोग की अपील की तथा किसी भी प्रकार की नशा तस्करी सूचना तुरंत देने की अपील भी की।

# थाना प्रभारी ने बुलाई मोटर मैकेनिकों की बैठक

- बिना नंबर प्लेट या संदिग्ध गाड़ी की मरम्मत करने वाले मिस्त्री पर होगी सख्त कार्रवाई : एसएचओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भट्टूकलां

भट्टूकलां थाने में आज क्षेत्र में मोटर कार मैकेनिक का काम करने वाले दुकानदारों की बैठक बुलाई गई। बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने सभी मैकेनिकों को स्पष्ट और सख्त निर्देश दिए गए कि बिना नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल, कार अथवा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गाड़ी पर किसी भी तरह का कार्य न करें। इस मौके पर भट्टूकलां के थाना प्रभारी राधेश्याम ने भट्टूमंडी के सभी मिस्त्रियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि यदि कोई भी मैकेनिक बिना नंबर प्लेट की गाड़ी या किसी संदिग्ध वाहन पर काम करते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सख्त शब्दों में कहा कि कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अगर कोई भी व्यक्ति बिना नंबर प्लेट या संदिग्ध वाहन का काम करता पाया गया, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा और उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



भट्टूकलां। मोटर मैकेनिकों की बैठक लेते एसएचओ। फोटो: हरिभूमि

### सहयोग की अपील

थाना प्रभारी ने सभी मैकेनिकों से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की और कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या वाहन की सूचना तुरंत पुलिस को दी जाए, ताकि क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

## रतिया के श्याम आनंद ने केबीसी में दिखाया दम, शहर का किया नाम रोशन

**रतिया।** क्षेत्र में केबल टीवी के संस्थापक श्याम आनंद मुंबई स्थित दादा साहब फाल्के फिल्म सिटी केबीसी सेंटर में लोकप्रिय क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति की शूटिंग में प्रतिभागी के रूप में भाग लेने के बाद आज अपने गृह नगर रतिया वापस पहुंचे। श्याम आनंद ने फास्टेस्ट फिंगर फस्ट के लगातार पांच दौर में शानदार प्रदर्शन किया, हालांकि वे हॉट सीट तक पहुंचने से मात्र कुछ सेकंड से चूक गए। इसके बावजूद, उनकी बेहतरीन परफॉर्मेंस के चलते प्रतिभागियों की सूची में उनका नाम और उनके शहर रतिया का नाम कई बार स्क्रीन पर दिखाई देगा। यह कार्यक्रम 22 दिसंबर से 25 दिसंबर तक सोनी टीवी पर प्रसारित किया जाएगा। शूटिंग के उपरांत श्याम आनंद की मुलाकात शो के होस्ट, महानायक अमिताभ बच्चन से भी हुई। कई दिनों तक चली शूटिंग प्रक्रिया के दौरान उनका परिवार भी उनके साथ मौजूद रहा।



# फ्री आई कैंप में 480 नेत्र रोगियों के ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

शाह सतनाम-शाह मस्ताना धाम, डेरा सच्चा सौदा सिरसा में शाह सतनाम महाराज की स्मृति में आयोजित 34वें याद-ए-मुर्शिद निशुल्क नेत्र जांच श्विरि में हजारों नेत्र रोगियों के जीवन में रोशनी लौटाने का कार्य किया। इस मेगा आई कैंप के तहत शाह सतनाम-शाह मस्ताना धाम, डेरा सच्चा सौदा सिरसा में चार दिनों तक चली जांच प्रक्रिया के दौरान 15,465 मरीजों की आंखों की जांच की गई। इनमें से 480 मरीजों के सफेद व काले मोतिया के सफल ऑपरेशन किए गए।



सिरसा। शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। फोटो: हरिभूमि

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष 21 को भूना में

- बीजेपी जिला कार्यकारिणी की बैठक में करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली 21 दिसंबर रविवार को भूना पहुंचेंगे। वह यह भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेंगे। बैठक की तैयारियों को लेकर भूना के प्रीति पैलेस में शुक्रवार को जिला पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीजेपी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा व भाजपा के प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य ने की। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं की जिला कार्यकारिणी की बैठक हेतू ड्युटियां भी लगाई गई। बीजेपी जिलाध्यक्ष ने बताया कि कल भूना के उकलाना रोड पर प्रीति पैलेस में आयोजित होने वाली जिला कार्यकारिणी की बैठक में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे।



फतेहाबाद। बैठक में चर्चा करते बीजेपी के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

## विकसित भारत बिल्डाथॉन के लिए जिला स्तरीय मूल्यांकन समिति तैयार

# अब फतेहाबाद स्कूलों के विद्यार्थी बनाएंगे आत्मनिर्भर भारत का रोडमैप

**राजकीय व प्राइवेट विद्यालयों में कक्षा 6 से 12वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थी होंगे शामिल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

केंद्र सरकार के विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा विकसित भारत बिल्डाथॉन की शुरुआत की गई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत जिले के राजकीय व प्राइवेट विद्यालयों में कक्षा 6 से 12वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थी आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल एवं समृद्ध भारत थीम पर अपनी तकनीकी सूझबूझ और नवाचार का प्रदर्शन करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने बताया कि विकसित भारत बिल्डाथॉन केवल एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि यह हमारे विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनाने का एक सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से छात्र आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी और वोकल फॉर लोकल जैसे विषयों पर अपने प्रोटोटाइप और आइडिया पेश कर रहे हैं। हमें गर्व है कि फतेहाबाद के स्कूलों से बहुत ही रचनात्मक विचार सामने आ रहे हैं। इसके लिए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी छात्रों को प्रोत्साहित किया।



फतेहाबाद। विकसित भारत बिल्डाथॉन को लेकर बैठक में भाग लेते ज्यूरी मैम्बर्स।

### कार्यक्रम में ये रहेंगे शामिल


समग्र शिक्षा फतेहाबाद के सहायक परियोजना संयोजक निहाल सिंह ने बताया कि जिले में मूल्यांकन प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए डीईओ के नेतृत्व में जिला स्तरीय मूल्यांकन समिति का गठन कर लिया गया है, जिसमें डीईओ संगीता बिश्नोई, डीईईओ अनीता बाई, प्रोग्रामर मनजीत सिंह ग्रेवाल, डीएसएस मुकेश कुमार, एपीसी निहाल सिंह, एपीसी प्रदीप कुमार, राजकीय पोलटैक्नीक कालेज धांगड़ से डा. पवन शर्मा, एमएम कालेज फतेहाबाद से असिस्टेंट प्रोफेसर शैंकी गुप्ता तथा असिस्टेंट प्रोफेसर तान्या मैहता शामिल हैं। स्कूलों ने अपने प्रोजेक्ट वीडियो पोर्टल पर पहले ही अपलोड कर दिए हैं, जिसमें फतेहाबाद जिले के विभिन्न राजकीय व प्राइवेट विद्यालयों से 600 टीमों ने अपने-अपने प्रोजेक्ट से संबंधित वीडियो सरकार के विकसित भारत बिल्डाथॉन प्रोजेक्ट के यू-ट्यूब पोर्टल पर अपलोड किए गए हैं।



सिरसा। गांव में ग्रामीणों को नशे के प्रति जागरुक करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### ग्रामीणों को किया नशे के खिलाफ जागरूक

**सिरसा।** पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत नाथूसरी चौपटा डिविजन के डीएसपी राज सिंह ने शुक्रवार को डिंग थाना थाना क्षेत्र के गांव नरेल खेड़ा व बग्गूवाली में पंहुचकर नुक्कड़ सभा के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में जागरूक किया। डीएसपी राज सिंह ने नुक्कड़ सभा में कहा कि नशा एक ऐसी समस्या है जो समाज के लिए बहुत बड़ा खतरा है। यह न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह समाज की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को भी प्रभावित करता है। युवाओं को नशे से बचाने के लिए ग्राम पंचायतों, सामाजिक संगठनों, युवा क्लबों को मिलकर पुलिस प्रशासन प्रशासन द्वारा नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम से जुडक़र एक साथ काम करना चाहिए। उन्होंने बैठक में उपस्थित लोगों से कहा कि नशे के कारण व्यक्ति की सोच और व्यवहार में बदलाव आता है, जिससे वह अपने परिवार और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निर्वहन नहीं कर पाता है। उन्होंने कहा कि नशे का समाज और परिवार पर दुष्प्रभाव पड़ता है।




# वॉर ड्रामा फिल्म इक्कीस में दिखी धर्मेंद्र की झलक

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की फिल्म 'इक्कीस' अब इस साल रिलीज न होकर नए साल पर रिलीज हो रही है। 1 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म का अब फाइनल ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का ट्रेलर पहले भी आ चुका है, लेकिन अब ये फाइनल ट्रेलर आया है। 2 मिनट 11 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत जयदीप अहलावत की आवाज से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'उस धुएं और बारूद की बू आज भी याद है मुझे। हम तारीख बदलने वाले थे, लेकिन उस एक लड़के ने हमारी तकदीर ही बदल दी।' इसके बाद ट्रेलर में युद्ध के जबरदस्त सीन और गोलियों और बम के धमाकों की आवाजें सुनने व देखने को मिलती हैं। सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के किरदार में अगस्त्य नंदा सेना की वर्दी में जचते हैं। ट्रेलर के अंत में धर्मेंद्र नजर आते हैं और बैकग्राउंड में 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' गाना बजता है।

लाइफ Style

# राधिका मैं 16 घंटे काम नहीं कर सकती

राधिका आप्टे भी वर्किंग आवर को लेकर चल रही बहस में शामिल हो गई हैं। अब उन्होंने भी दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की मांग पर सहमति जताते हुए अपनी बात रखी है। राधिका ने यहां तक कह दिया कि जब तक कि प्रोड्यूसर्स 12 घंटे की शिफ्ट से सहमत न हों वो काम नहीं कर पाएंगी। मां बनने के बाद दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की डिमांड को लेकर लगातार चर्चा हो रही है और अब इस डिमांड में एक और फीमेल बॉलीवुड एक्ट्रेस शामिल हो गई हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पिछले कुछ महीनों से मां बनने के बाद काम के घंटों की लेकर बहस ने जोर पकड़ रखी है। हाल ही में राधिका ने अपनी बेटी का पहला बर्थडे सेलिब्रेट किया है। महिला एक्ट्रेसेस खासकर न्यू मॉम्स के लिए काम के घंटों पर बहस पिछले कुछ महीनों से लगातार चल रही है। इसकी शुरुआत दीपिका पादुकोण की तरफ से कथित तौर पर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट ' से वर्किंग आवर को लेकर 8 घंटे की मांक से शुरू हुई, जिसके बाद खबर आई कि मेकर्स ने उन्हें फिल्म से आउट कर दिया। अब राधिका आप्टे ने इस मांग पर सहमति जताई और खुशी भी कि आखिरकार इस विषय पर बातचीत शुरू हो गई है। उन्होंने कहा, 'मैं तब तक काम नहीं कर पाऊंगी जब तक मेकर्स 12 घंटे की शिफ्ट के लिए सहमत नहीं हो जाते। 12 घंटे से मेरा मतलब है, पूरी शिफ्ट यानी जिसमें मेकअप और हेयर स्टाइल सब हो। वर्ना हम असल में 16 घंटे काम कर रहे होते हैं, क्योंकि तब आपको कम से कम 14 घंटे सेट पर रहना पड़ता है, जिसमें हेयर स्टाइल, मेकअप और शिफ्ट का कुछ और काम शामिल है। इसके बाद आपको कम से कम डेढ़ घंटे का ट्रैवल करना पड़ता है, चाहे आप कहीं से भी काम कर रहे हों।' राधिका ने कम के तय समय पर जोर देते हुए कहा कि आप 16 घंटे तक घर से दूर नहीं रह सकते, वरना आप अपने बच्चे को कभी देख ही नहीं पाएंगे।



## हॉलीवुड मसाला



# धुरंधर के गाने पर झूमे निक जोनस

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड म्यूजिक की दीवानगी अब सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका जादू इंटरनेशनल भी साफ नजर आता है। हाल ही में नया मामला मशहूर सिंगर और प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस और उनके भाई जो और केविन जोनस का है, जिन्होंने अपने कॉन्सर्ट से पहले जोश बढ़ाने के लिए एक हिंदी फिल्म का गाना चुना है। खास बात यह है कि यह गाना आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' का ट्रैक 'शरारत' है, जो इन दिनों दुनियाभर में सुर्खियां बटोर रहा है। निक जोनस ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपने भाइयों के साथ स्टेज पर जाने से पहले 'शरारत' गाने पर मस्ती करते नजर आ रहे हैं।



# कैप्टन अमेरिका के तौर पर वापसी करेंगे क्रिस

**लॉस एंजिल्स।** 'एवेंजर्सः डूम्स डे' का पहला टीजर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतार-फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दर्शकों को देखने को मिला। इस टीजर से दर्शकों को हिंट मिला है कि फिल्म में बतौर कैप्टन अमेरिका क्रिस इंवास की वापसी हो सकती है। एवेंजर्स सीरीज की अगली फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्स डे' को लेकर दर्शक उत्साहित हैं। इसमें उनके लिए एक बड़ा सरप्राइज है। फिल्म का हाल ही में पहला टीजर रिलीज हुआ। जिसे देखकर दर्शकों को ऐसा लगा कि इसका हिस्सा क्रिस इवांस भी होंगे। वह कैप्टन अमेरिका के तौर पर इस फिल्म में वापस नजर आ सकते हैं। टीजर में एक खेत से सीन से शुरुआत होती है। इसमें फिल्म का एक अहम किरदार स्टीव अपने घर के बाहर मोटरसाइकिल चलता है और बैकग्राउंड में 'एवेंजर्स' थीम का पियानो वर्जन बज रहा होता है। स्टीव ने नीला हेलमेट पहना है, जो फैंस को कैप्टन अमेरिका (क्रिस इंवास) के कॉस्ट्यूम की याद दिलाता है। स्टीव के हाथ में एक नवजात बच्चे भी है। इसके साथ ही टीजर खत्म हो जाता है।



# हैप्पी पटेल का ट्रेलर रिलीज, वीर पर भारी पड़े आमिर- इमरान

**मुंबई।** वीर दास की फिल्म 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म मजेदार लग रही है। 2 मिनट और 38 सेकेंड में इसमें कॉमेडी का भरपूर डोज है, जमकर गालियां हैं और एक बेवकूफ सीक्रेट एजेंट है, जो काम कम और गलतियां ज्यादा करता है। ट्रेलर की शुरुआत 'अल्फा मेल-अल्फा मेल' की गूंज से होती है, जो इसके हीरो और को-डायरेक्टर वीर दास के लिए है, लेकिन असल मजमा लूट ले जाते हैं आमिर खान और पर्दे पर 10 साल बाद कमबैक कर रहे उनके भांजे इमरान खान। ट्रेलर अपने पहले फ्रेम से ही यह साफ कर देता है कि यह फिल्म कोई स्पाई एक्शन थ्रिलर नहीं, बल्कि अपने हल्के-फुल्के अंदाज, अजीब किरदारों और कॉमिक ट्विस्ट से दर्शकों का मनोरंजन करने वाली है।



# वही पुरानी कहानी, फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नहीं

**नई दिल्ली।** रिश्ते रहें ना रहें प्यार तो हमेशा रहता है। दोस्ती, रिलेशनशिप और प्यार की अहमियत को दिखाती चार लड़कियों की कहानी वाला शो 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' का चौथा सीजन शुक्रवार को रिलीज हो चुका है। ये सीरीज का फाइनल सीजन है। 2019 में शुरू हुई इस सीरीज के पहले और दूसरे सीजन को महिलाओं की कहानी और उनकी बोल्डनेस के चलते दर्शकों और क्रिटिक्स ने काफी पसंद किया था। हालांकि, तीसरा सीजन आते-आते कहानी कहीं न कहीं सिर्फ बोल्डनेस तक सीमित रह गई और नयापन खोने लगी। इस सीजन में सीरीज के फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नया नहीं लगता है। पिछले तीन सीजन की तरह ही सीरीज प्यार रिलेशनशिप, एलजीबीटक्यू और दोस्ती को लेकर मैसेज देने का प्रयास करती है। जिसमे कहीं-कहीं सफल भी होती है।

## टीवी मसाला



# 14 साल बाद टीवी पर लौटेंगे अक्षय होस्ट करेंगे व्हील ऑफ फॉर्च्यून शो

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार फिल्मों में लोगों को एंटरटेन करने के बाद अब 14 साल बाद टीवी पर गेम खिलाने के लिए आ रहे हैं। वो एमी अवॉर्ड विनर टीवी गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' भारत में लेकर आ रहे हैं। अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। आठ बार एमी अवॉर्ड जीतने वाला अमेरिका का नंबर वन टेलीविजन गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' अब भारत में सोनी टीवी और सोनी लिव पर प्रसारित होने के लिए तैयार है। अक्षय कुमार शो में बतौर होस्ट शामिल होंगे। सोनी टीवी की ओर से इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया गया, 'दुनिया के सबसे बड़े टेलीविजन गेम शो ने भारत को नमस्ते कहा है।' इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। हालांकि, अभी तक शो की रिलीज डेट और कंटेस्टेंट के नाम सामने नहीं आए हैं। इस गेम शो से जुड़ने पर अभिनेता अक्षय कुमार ने भी खुशी जाहिर की है। एक्टर ने कहा कि 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' दुनिया भर में लाखों लोगों का पसंदीदा शो रहा है। मैं इसके भारतीय संस्करण को यहां के दर्शकों के सामने पेश करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। कई पीढ़ियों से चली आ रही शो की लोकप्रियता और पहेलियां सुलझाने का रोमांच इसे दुनियाभर में लोकप्रिय बना चुका है। मुझे भरोसा है कि भारतीय दर्शक भी इसका भरपूर आनंद लेंगे।

## पलक झपकाने का नहीं मिलेगा मौका

**नई दिल्ली।** माधुरी दीक्षित की वेब सीरीज 'मिसेज देशपांडे' 19 दिसंबर को ओटीटी पर रिलीज हो गई है। इस क्राइम-थ्रिलर सीरीज के कुल 6 एपिसोड्स एक साथ रिलीज हुए हैं। हर कातिल कत्ल के पीछे कोई ना कोई सबूत छोड़ जाता है, लेकिन यहां माजरा थोड़ा उल्टा है। यहां कातिल बताकर जाता है कि मारने वाला वही था। इस सीरीज में पलक झपकाने का समय नहीं मिलेगा, क्योंकि हर पल कोई ना कोई नया मोड़ आ जाता है यानी ट्विस्ट और टर्न की भरमार के मामले में तो पूरे नंबर मिलने चाहिए। आखिर तक पता नहीं चल पाएगा कि आखिर कातिल है कौन। हर क्राइम-थ्रिलर की ही तरह ये सीरीज भी सस्पेंस और मर्डर मिस्ट्री की परतें एक-एक कर खोलती है। कहानी है एक सीरियल किलर की, जो मुंबई में एक के बाद एक कत्ल किए जा रहा है और हत्या करने का तरीका एक जैसा ही है। सभी को रस्सी से दम घोंटकर मारा जाता है। सीरीज की कहानी शुरु होती है ऐसे ही मुंबई में एक्टर विराट मल्होत्रा के कत्ल से। पुलिस कमिश्नर अरुण खत्री मौका-ए-वारदात पर पहुंचते हैं।




# सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक, इस वीकेंड ओटीटी पर लगा एंटरटेनमेंट का फुल तड़का

**नई दिल्ली।** अगर आप वीकेंड पर घर बैठे एंटरटेनमेंट का पूरा डोज लेना चाहते हैं, तो यह हफ्ता ओटीटी दर्शकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। रोमांस, हॉरर-कॉमेडी, क्राइम थ्रिलर और डार्क ड्रामा- हर जॉनर को पसंद करने वालों के लिए इस बार कुछ न कुछ खास मौजूद है। दिसंबर के इस वीकेंड पर कुल 5 नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज हुई हैं, जो आपकी बिंज-वॉच लिस्ट को और लंबा करने वाली हैं।

### शुभचिंतक

गुजराती सिनेमा को एक नया और बोल्ड मोड़ देती है 'शुभचिंतक', जो 18 दिसंबर 2025 से शेमारू मी पर स्ट्रीम हो रही है। यह डार्क कॉमेडी-थ्रिलर एक ऐसे नौसिखिए की कहानी है, जो बदला लेने के लिए हनी-ट्रैप का सहारा लेता है। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, वह खुद नैतिक उलझनों और अप्रत्याशित हालात में फंस जाता है। सस्पेंस और डार्क कॉमेडी का यह मिश्रण दर्शकों को अंत तक बांधे रखने का दम रखता है।



### थामा

वहीं, मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की पेशकश 'थामा' अब थिएटर के बाद ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। 16 दिसंबर 2025 से प्राइम वीडियो पर उपलब्ध यह फिल्म रोमांस और डर का दिलचस्प कॉम्बिनेशन पेश करती है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की जोड़ी के साथ फिल्म हल्के-फुल्के हास्य के बीच हॉरर का तड़का लगाती है, जो इस फ्रेंचाइजी के फैंस को खासा पसंद आने वाला है।

### एक दीवाने की दीवानियत

नेटफ्लिक्स पर 16 दिसंबर से स्ट्रीम हो रही 'एक दीवाने की दीवानियत' एक इंटेंस रोमांटिक ड्रामा है। कहानी एक ऐसे आशिक के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी मोहब्बत धीरे-धीरे जुनून में बदल जाती है। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की केमिस्ट्री इस कहानी को और भी भावनात्मक बना देती है। यह सीरीज प्यार, पागलपन और पजेसिवनेस के बीच की महीन रेखा को दिखाती है।

### मिसेज देशपांडे

19 दिसंबर 2025 को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई 'मिसेज देशपांडे' खासतौर पर माधुरी दीक्षित के फैंस के लिए बड़ी ट्रीट है। इस क्राइम थ्रिलर में वह एक सीरियल किलर के किरदार में नजर आती हैं, जो पुलिस को एक कॉपीकैट किलर पकड़ने में मदद करती है। फ्रेंच सीरीज ला मांते से प्रेरित यह शो सस्पेंस और साइकोलॉजिकल ट्विस्ट से भरपूर है।

# 3 इडियट्स की सीक्वल होगी 4 इडियट्स और चौथा एक्टर होगा तगड़ा सुपरस्टार!

**मुंबई।** आमिर खान की सुपरहिट फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल की बात जोरों पर है। इन सबके बीच, फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। इसका टाइटल '4 इडियट्स' हो सकता है और चौथे इडियट को ढूंढने के लिए मेकर्स जोर-शोर से जुटे हुए हैं। फिलहाल स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है और इसका टाइटल है 4 इडियट्स। हालांकि, यह टाइटल अभी बदला जा सकता है, मेकर्स इस फ्रेंचाइजी को इसकी पुरानी तिकड़ी से आगे बढ़ाने के लिए एक सुपरस्टार की तलाश में हैं। निर्माता चौथे इडियट की खोज में जुटे हैं, जो एक सुपरस्टार हो सकता है। लेखन का काम जारी है और टीम यह तय करने में लगी है कि यह और भी बड़ी और बेहतर हो और पहले पार्ट के अंत से आगे बढ़े। हालांकि, यह सिर्फ एक साधारण सिलसिला नहीं होगा, बल्कि इसमें नए एलिमेंट भी शामिल किए जाएंगे ताकि चौथे लीड स्टार को शामिल करना बेहतर साबित हो सके।



### एक कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई 3 इडियट्स

*जहां उम्मीद है कि आमिर खान, आर. माधवन, शरमन जोशी और करीना कपूर खान से 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म से अपने रोल्स को दोहराएंगे, वहीं चौथे इडियट को लेकर अटकलें जल्द ही सबके बीच आएंगी। '4 इडियट्स' केवल एक अस्थायी टाइटल है और बाद में इसमें बदलाव हो भी सकता है और नहीं भी। फिर भी, चौथे एक्टर को लेकर बातें जोरों पर हैं, जो संभवतः एक सुपरस्टार हो सकता है। 2009 में रिलीज हुई फिल्म '3 इडियट्स' एक कल्ट क्लासिक बन गई और इसने भारत की शिक्षा प्रणाली पर देशव्यापी बहस छेड़ दी। इस फिल्म ने 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय फिल्म बनकर इतिहास रच दिया और उस समय बॉलीवुड के लिए नए मानक स्थापित किया। इसके सीक्वल का निर्देशन राजकुमार हिरानी करेंगे।*

## अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया

# अमिताभ की फिल्म में दद्दू के किरदार से मशहूर हुए ओम प्रकाश

एजेंसी ▶▶| मनई दिल्ली

ओम प्रकाश बॉलीवुड के ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया। उन्हें कैरेक्टर आर्टिस्ट के तौर पर भी याद किया जाता है। अपने कॅरियर में उन्होंने 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। वह जो भी किरदार निभाते थे, उसमें पूरी तरह से ढल जाते थे। अभिनेता के अलावा वह निर्माता भी थे।

### 12 साल की उम्र में संगीत सीखना किया शुरू

19 दिसंबर 1919 को जम्मू में जन्मे ओम प्रकाश का पूरा नाम ओम प्रकाश बख्शी था। उनकी शुरुआती पढ़ाई लाहौर में हुई जो अब पाकिस्तान में है। बचपन से ही उन्हें कला में दिलचस्पी थी। वह लगभग 12 साल के थे, जब उन्होंने शास्त्रीय संगीत की शिक्षा लेनी शुरू की। साल 1937 में उन्होंने 'ऑल इंडिया रेडियो' में काम करना शुरू किया। उनके प्रोग्राम 'फतेहदीन' को काफी सराहना मिली।

### शादी की दावत में मिला फिल्म का ऑफर

सिनेमा में आने की ओम प्रकाश की कहानी दिलचस्प है। वह अपने दोस्त की शादी में गए थे। वहां दलसुख पंचोली ने उन्हें देखा और लाहौर बुलाया। इसके बाद उन्हें फिल्म 'दासी' 1950 में काम करने का मौका दिया। यह उनकी पहली बोलती फिल्म थी।



### आखिरी वक्त

ओम प्रकाश अपने आखिरी वक्त में बीमार हो गए थे। दिल का दौरा पड़ने की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत ज्यादा खराब होने पर वह कोमा में चले गए थे। 21 फरवरी, 1998 को उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

### इन फिल्मों में की बेहतरीन अदाकारी

'दासी' के बाद उन्हें कई बेहतरीन फिल्में मिलीं। उन्होंने हिंदी सिनेमा के कई बड़े अभिनेताओं के साथ काम किया और अपने अभिनय का लोहा मनवाया। उन्होंने जूली, पड़ोसन, दस लाख, बैराग, चुपके-चुपके, नमक हलाल, शराबी, खानदान, प्यार किए जा, चौकीदार, आंधी, लावारिस, लोफर और जंजीर जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया। उनकी आखिरी फिल्म 'नौकर बीवी का' (1983) है।

### बिग बी के साथ की शानदार अदाकारी

ओम प्रकाश को सबसे ज्यादा पहचान अमिताभ बच्चन की दो फिल्मों से मिली। फिल्म नमक हलाल में ओम प्रकाश ने दद्दू का किरदार निभाया। इस किरदार को आज भी याद किया जाता है। इसके अलावा उन्होंने फिल्म शराबी में मुंशीलाल का किरदार निभाया, जिसे आज भी लोग सराहते हैं।

### 60 के दशक में प्रोड्यूस की फिल्में

ओम प्रकाश एक बेहतरीन एक्टर होने के साथ-साथ एक बेहतरीन निर्माता भी थे। 60 के दशक में उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी बनाई। इसके तहत उन्होंने भैयाजी, चाचा जिंदाबाद, गेटवे ऑफ इंडिया और संजोग जैसी फिल्में बनाईं। ओम प्रकाश ने फिल्म कन्हैया' का निर्माण किया था। इसमें राज कपूर और नूतन ने अभिनय किया था।

### दिलचस्प है लव लाइफ

ओम प्रकाश की लव लाइफ दिलचस्प, लेकिन अधूरी है। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें एक सिख लड़की से प्यार हो गया था। हालांकि, लड़की के घरवाले उनके खिलाफ थे, क्योंकि वह हिंदू थे। उनकी मां लड़की के घर पर शादी का प्रस्ताव लेकर गई थीं, लेकिन उनके घरवाले नहीं मानें। इसके बाद उन्होंने अलग होने का फैसला किया।

खबर संक्षेप

### पुरस्कारों के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ी

**फतेहाबाद।** हरियाणा प्रदेश में राज्य सरकार ऊर्जा संरक्षण के महत्व को आमजन में प्रोत्साहित करने के लिए राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार प्रति वर्ष प्रदान कर रही है। वर्ष 2024-2025 के लिए उन पुरस्कारों को प्राप्त करने के लिए आवेदन करने की तिथि को बढ़ाया गया है। पहले आवेदन करने की तिथि 6 दिसंबर थी। अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने बताया कि इन पुरस्कारों को प्राप्त करने के लिए एमएसएमई के तहत औद्योगिक संस्थान, व्यावसायिक भवन, राजकीय संस्थान, विभाग सामूहिक आवास समितियां, उतम ऊर्जा परीक्षण ग्रीन हाउस भवन, ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता लागू करने वाली संस्थाएं/फर्म व प्राधिकरण आदि पात्र है।

### स्वास्थ्य विभाग में हजारों पद खाली : केडिया

**सिरसा।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नवीन केडिया ने हरियाणा में स्वास्थ्य विभाग के हजारों पद खाली होने और स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने का आरोप लगाया है। केडिया ने जारी बयान में कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग में 5 हजार से अधिक पद रिक्त हैं जिसका सीधा नुकसान आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। अस्पतालों में डॉक्टरों की भारी कमी है वहीं नर्सिंग स्टाफ भी कम है। इसके अलावा इंडेक्स कलेक्टरों, डायटीशियंस और एमपीएचडब्ल्यू कर्मियों के पद भी खाली हैं। ऐसे में स्वास्थ्य सेवाओं का चरमरा जाना स्वाभाविक है। कांग्रेस नेता ने कहा कि ऐसा लंबे समय से हो रहा है, जब प्रदेश में कभी डॉक्टर हड़ताल पर जाते हैं तो कभी अन्य कर्मचारी हड़ताल का हिस्सा बनते हैं।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**सिरसा।** जिला के गांव सुबाखेड़ा के समीप ट्रैक्टर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति घायल हो गया। डबवाली के नागरिक अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे बठिंडा रेफर कर दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में गांव सुखचैन निवासी काला सिंह ने बताया कि वह ट्यूबवेल का मिस्त्री है। वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर से पीरखेड़ा की ओर जा रहा था। पीरखेड़ा में उसने बोर वाली मशीन लगा रखी थी। जब वह सुबाखेड़ा वाली नहर से करीब एक किलोमीटर दूरी पर पहुंचा, तो खेत के रास्ते से एक ट्रैक्टर आया और उसे सीधी टक्कर मार दी।

### पराली के ढेर में लगी आग, नुकसान

**सिरसा।** गांव नेजाडेला के निकट नेशनल हाईवे के पास पराली स्टॉक में शुक्रवार सुबह आग लग गई। बताया जा रहा है करीब 50 हजार क्विंटल पराली का स्टॉक किया हुआ है, जिसमें आग लगी है। इसके चलते दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची हुई है। दमकल की करीब 4 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग लगने से चारों ओर धुआं ही धुआं फैला हुआ है। दमकल कर्मी व अन्य मदद में जुटे हुए हैं। नेजाडेला कलां निवासी किसान नेता इकबाल सिंह ने बताया कि नेजाडेला कलां के प्रीतम सिंह, भजन और दर्शन तीनों ने मिलकर करीब 50 हजार क्विंटल पराली का स्टॉक किया हुआ है।

## अफसरों ने ग्रामीणों को बताईं सरकार की कल्याणकारी योजनाएं

# रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों ने एडीसी के सामने रखीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

जिला प्रशासन की ओर से ग्रामीणों की समस्याओं का निदान करने के उद्देश्य से गुरुवार रात्रि को सिरसा जिले के गांव नीलांवाली में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने 48 से ज्यादा जन समस्याएं सुनी और अधिकारियों को सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समाधान के निर्देश दिए।

- लोगों को दिया समाधान का भरोसा

उन्होंने सभी विभागों से कहा कि आमजन की सामान्य स्तर की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाए ताकि उन्हें परेशान न होना पड़े और समाधान शिविर या रात्रि ठहराव जैसे कार्यक्रमों का इंतजार ही न करना पड़े।

ग्रामीणों द्वारा गांव में बस सुविधा न होने संबंधी समस्या को प्रमुखता से रखा, जिस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने जीएम रोडवेज को स्थाई समाधान के निर्देश दिए। इसी तरह इंतकाल, अवैध कब्जा हटवाने व सौ-सौ वर्ग गज के प्लॉटों की निशानदेही करवा कर कब्जा सौंपने संबंधी शिकायतों पर भी एडीसी ने संबंधित विभागों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। बिजली निगम से संबंधित शिकायतें पर भी उन्होंने विभाग को प्राथमिकता व त्वरित समाधान का निर्देश दिए। बुजुर्गों द्वारा गांव में पेंशन वितरण न होने की समस्या पर संज्ञान लेते हुए अतिरिक्त उपायुक्त ने डीएसडब्ल्यूओ और एलडीएम को समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। इसी तरह बिजली की तारों को बदलने, गुलाबी राशन कार्ड बनवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना, खाल की समस्या, ढाणियों में पानी व बिजली की पर्याप्त उपलब्धता, पोल टूटने संबंधी समस्या, पाइपलाइन तोडऩे संबंधी, गली में पानी भराव, बिजली मीटर लगवाने व स्कूल की दीवार बनाने आदि ग्रामीणों की शिकायतों को अतिरिक्त उपायुक्त ने बारीकी से जाना और उन्होंने विभागों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने सिंचाई विभाग को विशेष तौर पर निर्देश दिए कि वे क्षेत्र की नहरों पर बने पुलों पर रेलिंग-दीवार होने की जांच करें और आवश्यकता अनुसार मुरम्मत आदि पर विशेष ध्यान दें ताकि धुंध के मौसम में इस कारण सडक़ हादसे न हो।



सिरसा। गांव नीलांवाली में रात्रि ठहराव में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते एडीसी। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर इस अवसर पर जिला परिषद के सीईओ डा. सुभाष चंद्र, उप पुलिस अधीक्षक कपिल, बीडीपीओ हरीश कुमार, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विजय लक्ष्मी, एसई डीएचबीवीएन कुलदीप अत्री, डीडीए पशुपालन विभाग डा. सुखविंद्र, कृषि विभाग के उप निदेशक डा. सुखदेव सिंह, रेडक्रॉस सचिव लाल बहादुर बैनीवाल, डीएसडब्ल्यूओ सत्यवान ढिलोड, डीडब्ल्यूओ राकेश कुमार, जीएम रोडवेज अनीत कुमार यादव, डीएसओ जगदीप, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. आशु शर्मा, एलडीएम संजीव कुमार, बीईओ लक्ष्मण यादव, डीएम सीएससी सविता अरोड़ा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी तथा अन्य गणमान्य जन मौजूद रहे।



फतेहाबाद। माइक्रोफाइनेंस जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशेषज्ञ।

## माइक्रोफाइनेंस जागरूकता कार्यक्रम

# लोगों को विशेषज्ञों ने दी वित्तीय साक्षरता की विशेष जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय स्तर के स्व-नियामक संगठन माइक्रोफाइनेंस इंडस्ट्री नेटवर्क द्वारा शिव मंदिर धर्मशाला, शिव नगर में माइक्रोफाइनेंस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं आम नागरिकों को वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक करना और उन्हें जिम्मेदार वित्तीय निर्णय लेने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में बचत एवं निवेश, ऋण लेने और समय पर चुकाने, बजट बनाने, बीमा योजनाओं की जानकारी तथा वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए रीजनल हेड एमएफआईएन विजय वधवा ने कहा कि वित्तीय साक्षरता व्यक्ति के जीवन का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने बताया कि सही वित्तीय योजना से परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और अनावश्यक कर्ज से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि फतेहाबाद जिले में कुल 43 माइक्रोफाइनेंस कंपनियां आरबीआई द्वारा विनियमित हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी तरह की भ्रामक जानकारी से सावधान रहें।

**दी जानकारी**

विजय वधवा ने बताया कि यदि किसी ग्राहक को कोई शिकायत हो तो वह अपने लोन कार्ड पर दिए गए ग्राहक शिकायत निवारण नंबर पर संपर्क कर सकता है। इसके अतिरिक्त टोल फ्री नंबर 1800-102-1080 पर कॉल करके भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने आवश्यकता अनुसार ही ऋण लेने और समय पर भुगतान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड स्वरदीप सिंह, जिला अग्रणी प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक विक्रांत वर्मा, एफएलसी राज कुमार दोधा आदि मौजूद रहे।

## राजेंद्रा इंस्टिट्यूट में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव आरंभ, छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

# खेलों से शारीरिक ही नहीं मानसिक संतुलन भी रहता है स्वस्थ: डॉ. रक्षित अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजेंद्रा इंस्टिट्यूट में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव आरंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत खेल मशाल प्रज्जवलन व अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। डॉ. रक्षित अग्रवाल ने खिलाडिय़ों से कहा कि नियमित खेल गतिविधियां न केवल शरीर को स्वस्थ रखती हैं, बल्कि गंभीर बीमारियों से बचाव में भी सहायक होती हैं। उन्होंने युवाओं को संतुलित जीवनशैली अपनाने और खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के चेयरमैन एन.के. गुप्ता ने जहां खिलाडिय़ों को खेलों के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनने का संदेश दिया वहीं कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. संजीव कालरा ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं। इस अवसर पर संस्थान की काउंसलर एकता कालरा, नर्सिंग प्राचार्या कुलविंद्र कौर, डॉ. राम, कुलवंत सिंह, परवरिश कंबोज, धीरज कंबोज आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



सिरसा। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**ये प्रतियोगिताएं हुईं**

पहले दिन सबसे पहले क्रिकेट में फार्मेसी कॉलेज एवं स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राओं के बीच रोचक मुकाबला खेला गया, जिसमें नर्सिंग विभाग की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फार्मेसी की छात्राओं को पराजित कर मैच जीत लिया। उसके बाद 100 मीटर लड़कियों की दौड़ में तमन्ना ने पहला, पूनम ने दूसरा व नीलम ने तीसरा स्थान हासिल किया वहीं लडक़ों के वर्ग में मोहित ने पहला, संदीप ने दूसरा व अंशमीत तीसरे स्थान पर रहे। स्कूल ऑफ नर्सिंग की लड़कियों के वर्ग में 100 मीटर दौड़ में पहला स्थान सुनंदा ने पाया स्माइल व पिंकी क्रमश: दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। लड़कियों में शतरंग मुकाबले में नीतू ने पूनम को हराकर पहला स्थान हासिल किया वहीं कैरम में राधिका एवं पायल की जोड़ी ने नवदीप व अर्पण की जोड़ी को पराजित किया।

## जिला स्तरीय युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता का आयोजन

# पिपली विद्यालय में गठित युवा ग्राम पंचायत ने स्कूल के सामने स ब्रेकर बनाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

खंड ओढ़ा के गांव पिपली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को जिला स्तरीय युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम के सौजन्य से आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के आब्जर्वर प्रवक्ता जगदीश चन्द्र बराच व निर्णायक मंडल में प्रवक्ता हेमराज व प्रवक्ता सुरेश शर्मा ने इस युवा ग्राम पंचायत का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि इस युवा ग्राम पंचायत का उद्देश्य विद्यार्थियों को लोकतंत्र की जमीनी व्यवस्था, पंचायत की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से परिचित करवाना है।इस युवा ग्राम पंचायत में 9वीं व 11वीं कक्षा के 50 विद्यार्थी शामिल किए गए। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियो ने वास्तविक ग्राम पंचायत की तर्ज पर विभिन्न भूमिकाएं निभाई। इनमें सरपंच, पंच, पंचायत सचिव, नंबरदार, चौकीदार, सामाजिक कार्यकर्ता व ग्राम सभा के सदस्य और पंचायत से जुड़े अन्य पद दिए गए। आज की इस युवा ग्राम पंचायत में सरपच हरप्रीत कौर व ग्राम सचिव के तौर पर रजनीश कुमारी ने भूमिका निभाई।



सिरसा। पिपली स्कूल में गठित ग्राम पंचायत के साथ स्टाफ सदस्य व गांववासी।

## वार्ड 2, 3, 7, 8 और 14 में की चेकिंग

# नारकोटिक्स ब्यूरो ने चलाया सर्च अभियान, संदिग्धों से की पूछताछ

**सिरसा।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट की टीम ने रानियां शहर के विभिन्न वार्डों और आसपास के गांवों में सर्च ऑपरेशन चलाया। इस अभियान का उद्देश्य नशा बेचने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी लेना और नशे से पीड़ित लोगों को नशा छोडऩे के लिए प्रेरित करना था। इस टीम का नेतृत्व हरियाणा स्टेट नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो सिरसा यूनिट के सब-इंस्पेक्टर बनवारी लाल ने किया। पुलिस टीमों ने शहर के वार्ड नंबर 2, 3, 7, 8 और 14 में यह सर्च अभियान चलाया। अभियान में कुल पांच टीमें शामिल थीं, जिनमें दो डॉग स्क्वाड की टीमें भी शामिल रही। इन टीमों ने सबसे पहले ओटू हेड पर बने बांध के ऊपर कुछ जगहों पर दबिश दी। एक टीम रानियां शहर में, जबकि दूसरी टीम गांव संतनगर और अन्य गांवों में सक्रिय रही। सब- इंस्पेक्टर बनवारी लाल ने बताया कि यह कार्रवाई डीआईजी हरियाणा के निर्देश पर नशे के खिलाफ की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आज का सर्च अभियान रानियां शहर और आसपास के गांवों पर केंद्रित था। अभियान के दौरान, नशा बेचने के संदिग्ध व्यक्तियों की गहन तलाशी ली गई।

## चौबुर्जा स्कूल के स्काउट्स, गाइड्स हुए सम्मानित



सिरसा। राजकीय मिडल स्कूल चौबुर्जा की ओर से भारत स्काउट एवं गाइड, तारादेवी में भाग लेने वाले 8 गाइड्स एवं 3 स्काउट्स को शुक्रवार को मोडियाखेड़ा से कलस्टर हैड सुमन रोहित ने 1500 रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियानों से बच्चों को जहां देश के प्रमुख स्थलों पर भ्रमण करने का अवसर मिलता है वहीं दूसरी ओर वे भारत स्काउट एवं गाइड के बैनर तले अनुशासन को भी अपने जीवन में अपनाते हैं। इस अवसर पर उन्होंने चौबुर्जा स्कूल प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों की भी भूरि भूरि प्रशंसा की। इस दौरान स्कूल हेड संजय दहिया, सुमनलता, संतोष, राजेंद्र, पूर्ण, पूर्व हैडमास्टर भीमसेन, मुरारी, स्काउट मास्टर आनंद प्रकाश कारगवाल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## कांग्रेस ने लगाया अनदेखी का आरोप

# फतेहाबाद में लगातार हो रही दूषित पेयजल की सप्लाई, प्रशासन मौन

**फतेहाबाद।** भाजपा सरकार की अनदेखी और विभागीय अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। फतेहाबाद के कई इलाकों में दूषित पेयजल की सप्लाई हो रही है, जिससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह बात कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अरविंद शर्मा ने कही। कहा कि बीघड रोड की रिहायशी कॉलोनियों में लंबे समय से गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है, लेकिन बार-बार शिकायतों के बावजूद जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की उदासीनता के कारण अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं और जनता की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। शर्मा ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह चरमराई हुई है। नगर परिषद और ठेकेदारों की लापरवाही के चलते कई कॉलोनियों में डोर-टू-डोर कचरा उठाने वाली टिप्पर गाड़ियां नहीं पहुंच रही हैं, जिससे जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। अरविंद शर्मा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार केवल कागजी दावों और प्रचार में व्यस्त है, जबकि जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं बदहाल हैं।

## गोशाला परिसर के आस-पास लगाए हरे-भरे पेड़-पौधे

# क्षेत्र को हरा-भरा बनाने में जुटे सुंदर सौलंकी गोशाला को दिया जा रहा सजावटी रूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

क्षेत्र के समाजसेवी सुंदर सोलंकी ने भट्टू गौशाला परिसर एवं उसके आसपास लगाए गए पेड़-पौधों की नियमित देखरेख कर उन्हें सुंदर सजावटी स्वरूप देना शुरू किया है। इससे गौशाला परिसर और आसपास का वातावरण अत्यंत आकर्षक व मनमोहक बन गया है, जिसे देखकर हर कोई प्रशंसा किए बिना नहीं रह पाता। सुंदर सोलंकी द्वारा किए जा रहे इस सराहनीय कार्य की चारों ओर प्रशंसा हो रही है। इससे पूर्व भी उन्होंने स्वर्ग आश्रम, गोशाला परिसर, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित अनेक सार्वजनिक स्थलों पर अपने हाथों से वृक्षारोपण किया और पूरी निष्ठा व मेहनत से उनकी सेवा कर पौधों को वृक्ष बनने तक संजोया। यह उनकी निस्वार्थ सेवा भावना का जीवंत उदाहरण है। आज जिन-जिन स्थानों पर सुंदर सोलंकी द्वारा पौधे लगाए गए हैं, वे क्षेत्र हरियाली, सौंदर्य और स्वच्छ पर्यावरण की मिसाल बन चुके हैं। बढ़ते स्वार्थ और भागदौड़ भरी जिंदगी के इस दौर में ऐसे समाजसेवी बहुत कम देखने को मिलते हैं, जो बिना किसी स्वार्थ के समाज और पर्यावरण की सेवा में जुटे रहते हैं। उल्लेखनीय है कि सुंदर सोलंकी भट्टू मंडी में अपनी जूतों की दुकान चलाते हैं, लेकिन अपने व्यवसाय के साथ-साथ वे गो सेवा और वृक्षारोपण के लिए भी नियमित रूप से समय निकालते हैं। उनका कहना है कि जो व्यक्ति अपने जीवन में पेड़-पौधों और गोमाता की सेवा करता है, उसे किसी अन्य पुण्य कार्य की आवश्यकता नहीं होती।



भट्टूकलां। पौधारोपण कर उन्हें पानी देते समाजसेवी सुंदर सोलंकी।

शिविर | स्वयंसेवकों ने धुंध के कारण आ रही दिक्कतों से बचने के लिए टिप्स

शिविर का उद्घाटन थानाध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई एवं स्कूल प्राचार्य ने किया

# वाहन चालकों को हेडलाइट, इंडिकेटर और स्पीड पर नियंत्रण रखने को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल भूना के तत्वावधान में शुक्रवार को तीन दिवसीय एनएसएस शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन थानाध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई एवं स्कूल प्राचार्य नरेश शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी राजकुमार सुथार ने किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों को समाज सेवा, स्वच्छता और सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। एनएसएस शिविर में करीब 100 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर के पहले दिन स्वयंसेवकों ने सार्वजनिक व धार्मिक स्थलों पर साफ-सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का महत्व समझाया। स्वयंसेवकों ने स्कूल परिसर, पुलिस थाना तथा बाबा राणाधीर मंदिर परिसर में श्रमदान कर सफाई की और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की अपील की।



भूना। शिविर के पहले दिन सार्वजनिक व धार्मिक स्थल पर सफाई करते हुए स्वयंसेवक।

**यातायात के नियम बताए**

एनएसएस प्रभारी राजकुमार सुथार के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने नागरिकों को कोहरे के मौसम में विशेष सतर्कता बरतने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवकों ने बताया कि धुंध के कारण इन दिनों सडक़ दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे जान-माल का नुकसान हो रहा है। ऐसे में अत्यंत आवश्यक होने पर ही यात्रा करें और यातायात नियमों का पालन करें। वाहन चालकों को हेडलाइट, इंडिकेटर और स्पीड पर नियंत्रण रखने के लिए भी जागरूक किया गया। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई ने कहा कि एनएसएस जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। प्राचार्य नरेश शर्मा ने कहा कि सेवा और अनुशासन से ही बेहतर समाज का निर्माण संभव है।इस अवसर पर थाना प्रधान लिपिक सुरेश कुमार सिवाच, एएसआई चमनलाल, श्यामलाल बंसल, दलबीर सिंह, प्रोफेसर जियालाल बंसल, डॉ. जितेंद्र सिंह, पवन कुमार सिंगला, सोनू ढाका, रामनिवास, विकास कुमार आदि मौजमद रहे।

## खबर संक्षेप

### सुदर्शन बने ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के सलाहकार

**फतेहाबाद।** युवा समाजसेवी सुदर्शन नरूला को ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी का जिला सलाहकार नियुक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि सुदर्शन नरूला इससे पूर्व संगठन में जिला उप प्रधान के पद पर भी कार्य कर चुके हैं। संगठन के प्रति उनकी निरंतर मेहनत, सक्रियता और निष्ठा को देखते हुए उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति के पश्चात सुदर्शन नरूला ने संगठन के संस्थापक एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल हांडा, राष्ट्रीय अध्यक्ष साहब दयाल वधवा, प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश चुघ तथा जिला अध्यक्ष धर्मपाल चावला का आभार व्यक्त किया।

### हेरोइन तस्करी मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नश तस्करी के मामले में रतिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना शहर रतिया की प्रभारी निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि 29 अक्टूबर को पुलिस टीम गश्त व नाकाबंदी के दौरान बुढलाडा रोड से बाईपास टोहाना रोड, रतिया के पास मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस ने संदिग्ध हालत में घूम रहे युवक को रोककर तलाशी ली तो आरोपी के कब्जे से 5.25 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। एसएचओ ने बताया कि इस मामले में पहले ही दो आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके थे। जांच के दौरान तीसरे आरोपी की संलिप्तता सामने आने पर उसे भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान परमजीत सिंह उर्फ पम्मा के रूप में हुई है।

### ऑनलाइन धोखाधड़ी करने का आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** ऑनलाइन धोखाधड़ी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर टोहाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना सदर टोहाना के प्रभारी उप निरीक्षक सादीराम ने बताया कि शिव कुमार पुत्र सुभाष निवासी पिरथला ने पुलिस को शिकायत दी कि 2 दिसंबर को सोशल मीडिया पर किसी अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से उनके मोबाइल का एक्सेस अज्ञात व्यक्ति के हाथ में चला गया। इसके बाद उनके बैंक खाते से कुल 40 हजार रुपये की धोखाधड़ी से निकासी हुई। जांच के दौरान आरोपी की पहचान छत्तर सिंह गांव लहरियां के रूप में हुई। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### सट्टा खाईवाली का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईवाली करने के मामले में एक युवक को काबू किया है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस टीम रामसरा रोड, प्राचीन हनुमान मंदिर के पास गश्त के दौरान मौके पर पहुंची। आरोपी दिनेश कुमार पुत्र नन्दलाल निवासी भट्टूकलां को पुलिस ने सट्टा खाईवाली करते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके पास से 5060 रुपये की सट्टा राशि बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### घर में घुसकर मारपीट के आरोपी में तीन पकड़े

**फतेहाबाद।** घर में घुसकर मारपीट व तोडफ़ोड़ करने के मामले में कार्रवाई करते हुए रतिया पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना शहर रतिया की प्रभारी निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि 29 नवंबर को आशा पत्नी संजय, निवासी अरोड़ा कॉलोनी, रतिया ने पुलिस को शिकायत दी कि कॉलोनी के युवकों के बीच पुरानी रंजिश के चलते कुछ युवक हथियारों से लैस होकर उसके घर में घुस आए तथा मारपीट व तोडफ़ोड़ की। पीड़िता के बयान, मेडिकल रिपोर्ट व जांच के आधार पर थाना शहर रतिया में मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान साक्ष्यों के आधार पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनकी पहचान लवप्रीत उर्फ लाभी पुत्र बीकर सिंह, निवासी वार्ड नंबर 12, रतिया, अमनदीप उर्फ जुगली पुत्र जगतार सिंह निवासी वार्ड नंबर 3, रतिया तथा सुरेन्द्र सिंह उर्फ कालु पुत्र कश्मीर सिंह निवासी वार्ड नंबर 14, रतिया के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ की जा रही है तथा मामले की जांच जारी है।

---

लोकसभा में पारित विधेयक की प्रतियां जलाकर रोष जताया

# मनरेगा खत्म करने का प्रयास कर रही सरकार : बहबलपुरिया

## 22 को डीसी दफ्तर फतेहाबाद पर किया जाएगा आक्रोश प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन ने किया प्रदर्शन

मनरेगा कानून गरीबों के लिए जीवनदायिनी साबित हो सकती थी लेकिन भाजपा सरकार ने एक योजनाबद्ध षडयंत्र से इस कानून को ही खत्म करके अपने गरीब विरोधी चरित्र को ही उजागर किया है। यह बात अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन हरियाणा के उपाध्यक्ष रामकुमार बहबलपुरिया ने शुक्रवार को बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर पार्क में आयोजित संयुक्त मीटिंग को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। मीटिंग की अध्यक्षता अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के नेता दलबीर सिंह आजाद एवं मनरेगा मेट मजदूर यूनियन के अध्यक्ष रमेश कुमार बारोटिया ने संयुक्त रूप से की।

मीटिंग के बाद लाल बत्ती चौक पर प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार के द्वारा विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन कानून की प्रतियां जला कर अपना विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए रामकुमार बहबलपुरिया ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा सत्ता के घमंड में चूर होकर जिस प्रकार से मनरेगा कानून को खत्म किया गया, ये गरीबों के अधिकार पर सबसे बड़ा हमला है इस हमले का मुकाबला करने के लिए पूरे देश भर में सडक़ों पर उतर कर प्रतिरोध किया जाएगा।



फतेहाबाद। 'वीबी जी राम जी' कानून की प्रतियां जलाते विभिन्न संगठनों के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

बहबलपुरिया ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार, विकसित भारत-रोजगार गारण्टी और आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानि वीबी- जी राम जी के नाम से ही इसके असली इरादों को उजागर करता है। भाजपा द्वारा लोकसभा में पारित बिल भाजपा के खोखले वादों की पोल खोलता है तथा भारत में मुश्किल से हासिल किए गए काम के अधिकार 'मनरेगा' को खत्म करने की एक खतरनाक कोशिश छिपी हुई है। उन्होंने कहा कि मनरेगा, एक मांग-आधारित कार्यक्रम था जो राज्य को कानूनी रूप से रोजगार देने के लिए बाध्य करता था जबकि मौजूदा विधेयक, इस सिद्धान्त को मौलिक रूप से पलटने की कोशिश करता है, जब वह एक वैधानिक अधिकार को एक विवेक आधारित योजना में बदल देता है। उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ 22 दिसंबर को भी विभिन्न जनसंगठनों द्वारा डीसी कार्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। आज की मीटिंग में जगदीश रामसरा, राजेंद्र सिंह, सुखदेव सिंह भोडिया खेड़ा, संतोष, नजमा, छिंदरपाल ढाणी माजरा, बंशीलाल, सतबीर सिंह बनगांव, बेगराज, रामेश्वर कालवां, दिवानचंद धारणिया, हरिकिशन कम्बोज, शेर सिंह कुम्हारिया, विनोद कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में असंगठित कामगार कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**फतेहाबाद।** मनरेगा का नाम बदलकर इसका नाम जी वीबी जी राम जी रखने के विरोध में आज हरियाणा प्रदेश असंगठित कामगार कांग्रेस के सदस्यों ने लाल बत्ती चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व डॉ. रामेश्वर कालवां ने की। कालवां ने कहा कि बीजेपी सरकार ने मनरेगा मजदूरों के रोजगार पर कैंची चलाई है। मनरेगा का काम 100 घंटे कम कर दिया गया है, जिससे मनरेगा के तहत होने वाले कामों में कमी आएगी और गांवों में काम अधर में लटक जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना का नाम बदलकर सरकार ने इसका 40 फीसदी बजट राज्य सरकारों पर थोंप दिया है, जबकि पहले 100 फीसदी बजट केंद्र सरकार की ओर से आता था। इससे अब मनरेगा के तहत मिलने वाली मजदूरी के लिए मजदूरों को केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकारों पर भी आश्रित होना पड़ेगा। इस मामले में आज असिस्टेंड लेबर कमीश्नर के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा गया है। इस अवसर पर जिला महासचिव दिवानचंद, जिला मीडिया सचिव रामरत्न सोनी, उपप्रधान भरत सिंह सिंवर, हलका अध्यक्ष फतेहाबाद राजेश जांगड़ा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# मनरेगा को पूर्व की भांति उसके मूल स्वरूप में तत्काल लागू किया जाए: सैलजा

**सिरसा।** सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम परिवर्तन से इसके मूल स्वरूप और संवैधानिक भावना को गहरी ठेस पहुंची है, पर कांग्रेस इस सरकार को लाखों गरीब लोगों, मजदूरों और कामगारों के अधिकारों को छीनने की अनुमति नहीं देंगी। सैलजा ने शुक्रवार को मीडिया को जारी प्रेस बयान में कहा कि मनरेगा कोई साधारण कल्याणकारी योजना नहीं, बल्कि संसद द्वारा वर्ष 2005 में पारित एक वैधानिक अधिकार है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को सुनिश्चित रोजगार के माध्यम से आजीविका की सुरक्षा प्रदान करना है। किंतु हालिया प्रशासनिक बदलावों के कारण कार्य आवंटन में अव्यवस्था, भुगतान में विलंब और हजारों ग्रामीण श्रमिकों को उनके वैध रोजगार अधिकार से वंचित किया जा रहा है। यह स्थिति न केवल मनरेगा अधिनियम की मूल भावना के विपरीत है, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 14, 21 और 41 में निहित समानता, गरिमा के साथ जीवन और कार्य के अधिकार का भी स्पष्ट उल्लंघन है।



सांसद ने सरकार से मांग की है कि मनरेगा को वर्ष 2024 से पूर्व की भांति उसके मूल स्वरूप में तत्काल लागू किया जाए, ताकि ग्रामीण श्रमिकों को समय पर, न्यायपूर्ण और सम्मानजनक रोजगार सुनिश्चित हो सके।

### गरीबों के अधिकार छीन रही सरकार

सांसद सैलजा ने कहा कि ये केवल महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) का नाम बदलने का मामला नहीं है, बल्कि गरीबों के अधिकारों से नफरत करने वाली सरकार ही एमजीएनआरईजीए पर हमला करेगी। कांग्रेस पार्टी इस अहंकारी सरकार के किसी भी गरीब-विरोधी और मजदूर-विरोधी फैसले का आम जनता के बीच पहुंचकर सडक़ों पर कड़ा विरोध करेगी। कांग्रेस इस सरकार को लाखों गरीब लोगों, मजदूरों और कामगारों के अधिकारों को छीनने की अनुमति नहीं देंगे। सांसद सैलजा ने कहा कि महात्मा गांधी का नाम हटाने के पीछे सरकार की क्या मंशा है जो न केवल भारत में बल्कि दुनिया में सबसे बड़े नेता माने जाते हैं। जब भी किसी योजना का नाम बदला जाता है तो कार्यालयों, स्टेशनरी में इतने बदलाव करने पड़ते हैं, जिसके लिए पैसा खर्च होता है।

---



सिरसा। ग्राहक मिलन समारोह में हिस्सा लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### तनिष्क सिरसा में ग्राहक मिलन समारोह का भव्य आयोजन

- ग्राहकों ने कहा कि यह सिर्फ एक शोरूम नहीं, परिवार है

**सिरसा।** टाटा समूह के प्रतिष्ठित ज्वैलरी ब्रांड तनिष्क ने अपने सिरसा स्थित शोरूम में ग्राहकों के लिए एक विशेष 'ग्राहक मिलन समारोह' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम न केवल एक मुलाकात तक सीमित रहा, बल्कि इसने ग्राहकों और ब्रांड के बीच के रिश्तों को एक नई मजबूती दी। आयोजन की शुरुआत दीप प्रज्वलन और पारंपरिक स्वागत के साथ हुई। शोरूम का माहौल उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर था। इस मौके पर विशेष रूप से 'रिश्तों की चमक' थीम पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद ग्राहकों के लिए तंबोला, क्विज़ और म्यूजिकल गेम्स जैसी कई मनोरंजक गतिविधियां रखी गईं, जिनका महिलाओं और बच्चों ने भरपूर लुत्फ उठाया।

### सेक्टर तीन में आज बिजली सप्लाई बाधित रहेगी

**फतेहाबाद।** सैक्टर 3 में स्थित 33 केवी सब स्टेशन के अंतर्गत पडऩे वाले सैक्टर के एरिया में मुरम्मत कार्यों के चलते शनिवार को हुडा सैक्टर में बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम फतेहाबाद के जेई हरजीत सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली बंद रखने का का परमिट लिया गया है।

इस दौरान खेमा खाती रोड, लाजपत नगर, अशोक नगर, डीएसपी रोड, ऑटो मार्किट, हुडा सैक्टर 3, कुलडिय़ा पम्प के आसपास के क्षेत्र, अल्फा सैक्टर, सोमा सैक्टर, ग्रीन गोल्ड व विकास टाऊन में बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

# स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल में सेमिनार, मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. आचार्य पवन ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- परीक्षा के दौरान तनाव को दूर करने के टिप्स दिए

स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल में एक सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें ग्वालियर से आए विश्व विख्यात मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. आचार्य पवन ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक आख्यान दिया। उन्होंने बच्चों को सम्बोधित करते हुए बताया कि परीक्षा के दबाव से कैसे बचा जाए और विषय वस्तु का अध्ययन किस प्रकार किया जाए, जिससे तनावमुक्त होकर और प्रभावी तरीके से जीवन में सफलता हासिल की जा सकती है। अपने सम्बोधन में अपने विषय 'गुड टू ग्रेट' को विस्तारपूर्वक समझाते हुए एक इंटरएक्टिव तरीके से उन्होंने बच्चों से संवाद किया। बच्चों ने भी उनसे अपनी पढ़ाई और जीवन में पेश आने वाली चुनौतियों का किस प्रकार मुकाबला किया जाए ,इससे सम्बंधित सवाल किये, जिनका उन्होंने खुलकर जवाब दिया। आचार्य पवन का स्वागत करते हुए स्कूल डायरेक्टर शैलेन भास्कर ने बताया कि आचार्य पवन अब तक 2800 शिक्षण संस्थानों में अपना आख्यान कर चुके हैं और स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल के बच्चे सौभाग्यशाली हैं कि उनको ऐसी सुप्रसिद्ध हस्ती से रूबरू होने का मौका मिला है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन की तरफ से उन्हें सम्मानित भी किया गया।





फतेहाबाद। स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल में विद्यार्थियों को संबोधित करते आचार्य पवन।

---

### ऐलनाबाद शहरी क्षेत्र में अवैध कॉलोनी को पनपने नहीं दिया जाएगा : झाझड़िया

- अवैध कॉलोनी में प्लाट न खरीदें लोग

**ऐलनाबाद।** जिला नगर योजनाकार विभाग शहरी क्षेत्रों में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को लेकर सख्त है। विभाग द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि कई क्षेत्रों में कॉलोनियां बिना वैध लाइसेंस, सीएलयू या एनओसी प्राप्त किए ही विकसित की जा रही हैं, जोकि पूरी तरह से अवैध हैं। जिला नगर योजनाकार कर्मवीर झाझडिय़ा ने बताया कि ऐलनाबाद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले (हदबस्त नंबर 118) क्षेत्र के खसरा नंबर 64//25/2, 65//21, 22, 72//5, 6/1, 6/2, 15, 16/1 व 304//23/1, 23/2, 24, 315//3/2/2/1, 3/2/1/2, 4/1/1, 3/1, 3/2/2, 4/1/2 को विशेष रूप से उल्लेखित किया गया है, जहां इस प्रकार की गतिविधियों की संभावना पाई गई है। उन्होंने अपील की कि नागरिक अवैध कॉलोनी में जमीन खरीद को लेकर सतर्क रहें।

# बाबा राणाधीर महाराज के वार्षिक भंडारे को लेकर तैयारियां पूरी, कल को होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

बाबा राणाधीर जी महाराज के वार्षिक भंडारे को लेकर भूना स्थित पुलिस थाना परिसर में बने बाबा राणाधीर मंदिर में सेवक वर्ग और भगतजनों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। श्रद्धा और आस्था से जुड़े इस धार्मिक आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं, जिन्हें भक्तिभाव के साथ पूर्ण किया जा रहा है। बाबा जी भंडारा आयोजन समिति के संयोजक दलबीर सिंह ने बताया कि 21 दिसम्बर, रविवार को बाबा राणाधीर जी की कृपा से पुलिस स्टेशन परिसर मंदिर में सुबह विधिवत हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। हवन-यज्ञ के माध्यम से वातावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस पावन अवसर पर हरियाणा के प्रसिद्ध कलाकार विशेष रूप से आमंत्रित किए गए हैं, जो बाबा राणाधीर जी की महिमा का गुणगान करेंगे। भजन-कीर्तन और स्तुति से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहेगा। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रेम और सेवा भाव के साथ प्रसाद वितरित किया जाएगा। प्रधान लिपिक सुरेश कुमार सिवाच ने बताया कि बाबा राणाधीर जी के प्रति लोगों की गहरी आस्था है और हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस भंडारे में पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अपने परिवार सहित इस धार्मिक आयोजन में पहुंचें, प्रसाद ग्रहण करें।



भूना। बाबा राणाधीर मंदिर।

- मंदिर में सुबह विधिवत यज्ञ किया जाएगा



फतेहाबाद। जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते बड़ोपल पुलिस चौकी के कर्मचारी।

### फतेहाबाद पुलिस की मानवीय पहल सर्दी में जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**फतेहाबाद।** एसपी सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में फतेहाबाद पुलिस द्वारा जनसेवा एवं मानवीय दायित्वों को प्राथमिकता देते हुए लगातार सामाजिक सरोकारों से जुड़ी पहल की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस चौकी बड़ोपल की ओर से शुक्रवार को ठंड के मौसम को देखते हुए जरूरतमंद लोगों को गर्म कंबल वितरित किए गए, जिससे गरीब एवं असहाय वर्ग को ठंड से राहत मिल सके। पुलिस चौकी बड़ोपल प्रभारी उपनिरीक्षक रमेश कुमार ने बताया कि सर्दी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने यह मानवीय कदम उठाया है।

### मढ़ के सरकारी स्कूल में युवा ग्राम पंचायत का आयोजन

- विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों की जानकारी दी

**फतेहाबाद।** गांव मढ़ स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज युवा ग्राम पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित करना, नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करना तथा ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली से उन्हें व्यवहारिक रूप से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने आदर्श ग्राम पंचायत की भूमिका निभाते हुए सरपंच, पंच एवं अन्य प्रतिनिधियों के दायित्वों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डाइट मताना से व्याख्याता डॉ. सुनील तथा डॉ. सुनील कड़वासरा विशेष रूप से निरीक्षण के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली की सराहना की और इसे अनुभवात्मक शिक्षा की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीत सिंह के कुशल मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

---

**जागरूकता** नशा तस्करों के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज हो : भवानी सिंह

# रतिया में बढ़ते नशे को लेकर महापंचायत, वकीलों से की अपील-नशा तस्करों की जमानत न करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

- मेडिकल नशा न रोक पाने पर ड्रग विभाग की आलोचना

क्षेत्र में बढ़ रहे चिट्टे के प्रकोप और मेडिकल नशे के खिलाफ जैन समाधि पर एक महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत की अध्यक्षता महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक भवानी सिंह ने की। महापंचायत में क्षेत्र के प्रसिद्ध उद्योगपति प्रवीण गर्ग, डीएसपी नर सिंह, एसएचओ पुष्पा सिहाग, परवीन गर्ग, सर्वसमाज सभा के प्रधान सतपाल जिंदल, पंजाबी सभा प्रधान सतीश हांडा, नगरपालिका प्रधान प्रतिनिधि कालू खन्ना, हरबंस खन्ना, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवेंद्र ग्रोवर, पारस सिंगला, गौरव शर्मा, गुरुचरण खोखर, व्यापार मंडल अध्यक्ष रूप गर्ग सहित अन्यों ने शिरकत की। मंच संचालन नैब सिंह मंडेर ने किया। महापंचायत को संबोधित करते हुए समाज सेवी प्रवीण गर्ग ने कहा कि रतिया क्षेत्र में जिस तरह से नशे का प्रकोप दिनों दिन बढ़ रहा है। उसको लेकर रतिया क्षेत्रवासी और सभी सामाजिक संगठन एक हो जाएं तो नशे रूपी दानव को खत्म किया जा सकता है। कार्यक्रम का आयोजन कर रहे ट्रस्ट के संयोजक भवानी सिंह ने कहा कि शहर के लोग नशे को लेकर एक कमेटी का गठन करें जो मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर कानून में बदलाव करने की बात कह कर नशा तस्करों के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा करवाने की मांग करें। उन्होंने क्षेत्र के वकीलों से भी निवेदन किया कि वह नशा तस्करों की जमानत न करवाए।

भवानी सिंह ने कहा कि क्षेत्र में जो मेडिकल नशा बिक रहा है, उसमें कारवाई करने को लेकर ड्रग विभाग पूरी तरह लापरवाह है जिसकी शिकायत भी मुख्यमंत्री से मिलकर की जाएगी।





रतिया। महापंचायत में उपस्थित लोग। फोटो : हरिभूमि

### नशे के खिलाफ जीरो टालरेंस

सर्व समाज सभा के अध्यक्ष सतपाल जिंदल ने कहा कि नशे के खिलाफ महापंचायत जो भी फैसला लेगी उसमें सहयोग करेंगे। नशे के खिलाफ हो रही महापंचायत में शहर थाना प्रभारी पुष्पा सिहाग ने संबोधित करते हुए नशा तस्करों को चेतावनी दी कि वह जहां जाकर मर्जी नशा बेचे लेकिन रतिया में वह नशे का कारोबार नहीं करने देगी तथा सख्त कार्रवाई करेगी इसलिए नशा तस्कर रतिया शहर छोड़ दें। थाना प्रभारी के कहीं और जाकर नशा बेचने के संबोधन की महापंचायत में काफी देर तक चर्चा होती रही।

# विधायक शीशपाल केहरवाला ने विस में उठाए क्षेत्र के अनेक मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

कालांवाली विधानसभा से विधायक शीशपाल केहरवाला ने शुक्रवार को हरियाणा विधानसभा में कालांवाली हलके से संबंधित कई अहम मुद्दे उठाए। विधायक शीशपाल केहरवाला ने विधानसभा में कहा कि वर्ष 2014 में कालांवाली सब डिवीजन बन चुका था और वर्तमान में यहां ज्यूडिशियल कांप्लेक्स बनाने के उद्देश्य से भूमि चयन की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने शासन से आग्रह किया कि इस भूमि का चयन जल्द से जल्द हो और इस कांप्लेक्स को कालांवाली में निर्मित किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसा न हो कि इसे डबवाली के आसपास या ओढां में निर्मित कर दिया जाए, जिससे स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतें होंगी। विधायक केहरवाला ने इस अवसर पर कालांवाली शहर में पेयजल समस्या का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस समय कालांवाली शहर के लोगों के लिए महज एक ही वाटरवक्र्स है जो पर्याप्त नहीं है। उन्होंने सरकार से एक अतिरिक्त वाटर वक्र्स बनाने की अपील की। साथ ही विधायक शीशपाल केहरवाला ने कहा कि कालांवाली में अनेक कॉलोनियां अनअप्रूवड हैं जिनमें सडक़ों व गलियों की हालात बदतर है। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत जारी होने वाला पैसा ऐसी कॉलोनियों के अनअप्रूवड होने के कारण वहां लग नहीं पाता जिससे वे क्षेत्र विकास से वंचित हो जाते हैं। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि वे कालांवाली की ऐसी सभी कॉलोनियों को नियमित कर वहां सडक़ों के निर्माण व अन्य विकास कार्यों को करवाए।